॥ रविवार
रविवारीय
॥ श्री हरिः ॥
सन्मार्ग
बर्दवान
18 मई 2025
www.sanmarg.in
हुगली, हल्दिया, खड़गपुर, बर्दवान, रानीगंज, आसनसोल, बीरभूम, बांकुड़ा



विरोध : बिना किसी लिखित आदेश के निर्माणाधीन घरों पर बुलडोजर चलाने का विरोध

# डीपीएस में पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने किया स्पोर्ट्स अकादमी का उद्‌घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते लक्ष्मीरतन शुक्ला

**आसनसोल :** आसनसोल शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के एथोड़ा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में शनिवार को आसनसोल स्पोर्ट्स अकादमी समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी लक्ष्मीरतन शुक्ला ने फीता काटकर स्पोर्ट्स अकादमी का उद्‌घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल-कूद को बढ़ावा देने की पहल करना काबिले तारीफ है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि कामयाबी के लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत करना बहुत जरूरी है। ज्ञान लेना हो तो परिवार के बुजुर्गों के पास जाकर बैठना होगा। उन्होंने कहा कि पौराणिक ग्रंथों में जो शिक्षा छुपी है, उसे जानने की आवश्यकता है। स्कूल प्रबंधन की ओर से वाइस चेयरमैन प्रतीक गोयनका और प्रिंसिपल विनीत श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया।